# सरकार ने पेश किया सेवा व सुशासन का लेखा-जोखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राजधानी के समग्र विकास, सुशासन और जनकल्याण से जुड़े ऐतिहासिक कार्यों का विस्तृत रिपोर्ट कार्ड पेश किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट संदेश दिया कि यह कार्यकाल केवल घोषणाओं का नहीं, बल्कि धरातल पर दिखाई देने वाले परिणामों का रहा है। बीते 365 दिन दिल्ली को ठहराव से गति, टकराव से समन्वय और प्रचार से प्रदर्शन की ओर ले जाने के लिए समर्पित रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास' मंत्र को आधार बनाते हुए सरकार ने स्वास्थ्य, शिक्षा, आधारभूत ढांचा, प्रदूषण नियंत्रण, यमुना सफाई और सुशासन जैसे हर प्रमुख क्षेत्र में ठोस कदम उठाए हैं।

मुख्यमंत्री ने इसे केवल एक वर्ष की उपलब्धियों का ब्योरा नहीं, बल्कि दिल्ली की दिशा बदलने की शुरुआत बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में राजधानी की दशा भी बदलेगी। मुख्यमंत्री ने सरकार के एक वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तिका 'पहला कदम बदलाव का, एक साल विकास का' का विमोचन किया। साथ ही दिल्ली सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर के पुनर्निर्माण की शुरुआत भी की। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मंजिंदर सिंह सिरसा, रविन्द्र इन्द्राज सिंह, कपिल मिश्रा, पंकज कुमार सिंह व वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि शपथ ग्रहण के तुरंत बाद सचिवालय में कार्यभार संभालते ही पहली कैबिनेट बैठक आयोजित की गई थी।

उन्होंने उल्लेख किया कि सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करने के लिए सचिवालय से बेहतर स्थान कोई नहीं हो सकता, क्योंकि यहीं से सेवा और सुशासन की यात्रा प्रारंभ हुई थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह रिपोर्ट कार्ड केवल उपलब्धियों का संकलन नहीं, बल्कि एक वर्ष के परिश्रम, परिवर्तन और ठोस परिणामों का प्रमाण है।

## सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर सर्वोच्च न्यायालय करने में खर्चा ज्यादा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने हाईकोर्ट को बताया है कि सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन के हिंदी साइनेज को सर्वोच्च न्यायालय में बदलना आसान नहीं है। इसमें करीब 40 से 45 लाख रुपये का खर्च आएगा। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की बेंच के सामने डीएमआरसी के वकील ने कहा कि केवल स्टेशन पर लगे बोर्ड ही नहीं, बल्कि रूट मैप, मोबाइल ऐप और अन्य सूचनात्मक सामग्री में भी बदलाव करना पड़ेगा। इससे सरकारी खजाने पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा।वकील ने यह भी कहा कि अगर एक स्टेशन का नाम बदला जाता है, तो अन्य स्टेशनों के लिए भी इसी तरह की मांगें उठ सकती हैं। मामले की अगली सुनवाई अप्रैल में होगी। अदालत ने कहा कि भविष्य में और याचिकाएं आने की संभावना इस मामले का विरोध करने का आधार नहीं हो सकती। कोर्ट ने डीएमआरसी को इस संबंध में विस्तृत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह सुनवाई उमेश शर्मा की जनहित याचिका पर हो रही है। याचिका में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट स्टेशन का हिंदी नाम देवनागरी में सर्वोच्च न्यायालय होना चाहिए।

# जल बोर्ड करेगा जियो-टैगिंग बदलेगा बिलिंग का सिस्टम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड उपभोक्ताओं की संपत्तियों को जियो-टैग करेगा, इसके साथ ही प्रत्येक संपत्ति को एक विशिष्ट ग्राहक परिसर पहचान संख्या (सीपीआर) आवंटित की जाएगी। ऐसा करके जल बोर्ड अपनी बिलिंग प्रक्रियाओं में सुधार करने जा रहा है।

वर्तमान में जल बोर्ड के पास लगभग 29 लाख उपभोक्ता हैं। मगर इनमें से केवल 40 प्रतिशत को ही पानी के सही बिल मिल पाते हैं।

दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के अनुसार बिलिंग प्रक्रिया का मौजूदा पैमाना, पुरानी प्रक्रियाएं, मैन्युअल हस्तक्षेप और खराब फील्ड ऑपरेशन के कारण बिलिंग की सटीकता को लेकर समस्याएं उत्पन्न हुई हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए डीजेबी राजस्व सहायता सेवाओं के प्रबंधन हेतु एक उद्योग विशेषज्ञ को नियुक्त करने की योजना बना रहा है।

इसमें बिल वितरण, स्पॉट बिलिंग सुविधा, कॉल सेंटर निगरानी और शिकायत निवारण शामिल हैं। हालांकि डीजेबी वर्तमान में स्थापित मीटरों के आधार पर उपभोक्ताओं के पते दर्ज करता है, फिर भी समय पर और सटीक बिलिंग न होने की शिकायतें लगातार बनी रहती हैं।

डीजेबी अधिकारियों के अनुसार बोर्ड अपनी संपूर्ण बिलिंग प्रक्रिया को संभालने के लिए एक कंपनी की तलाश कर रहा है। योजना में प्रत्येक उपभोक्ता परिसर को अक्षांश और देशांतर निर्देशांकों का उपयोग करके जियो-टैग करना शामिल है, ताकि मौजूदा मीटर नंबर के अतिरिक्त ग्राहक परिसर पहचान संख्या (सीपीआईडी) उत्पन्न और मैप की जा सके। अपनी बिलिंग प्रणालियों को सुदृढ़ करके डीजेबी का लक्ष्य स्थान की सटीकता सुनिश्चित करना और अपने रिकार्ड से डुप्लिकेट या गलत परिसरों को हटाना है।

अधिकारियों का मानना है कि पंजीकरण प्रक्रिया के माध्यम से जल उपयोग को औपचारिक रूप देने से इन नुकसानों को काफी हद तक कम करने में मदद मिल सकती है।

## मधु विहार में गैस सिलेंडर में लीकेज से लगी आग, 6 लोग झुलसे

**नई दिल्ली।** मधु विहार इलाके में शुक्रवार को झुग्गी बस्ती में एलपीजी सिलेंडर से रिसाव के कारण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। हादसे में एक ही परिवार के छह लोग गंभीर रूप से झुलस गए।

घायलों की पहचान हरिलाल, उनकी पत्नी राजकुमारी और उनके चार बच्चों आस्था, संजू, मुस्कान व राखी के रूप में हुई है। आग लगने के बाद आसपास के लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और सूचना दमकल विभाग को दी।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में झुलसे सभी लोगों को तत्काल उपचार के लिए एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण एलपीजी सिलेंडर से गैस रिसाव बताया जा रहा है। पुलिस और दमकल विभाग मामले की जांच कर रहे हैं।

# सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने की दिशा में नई तकनीक अपनाने का फैसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने की दिशा में एमसीडी ने एक नई तकनीक अपनाने का फैसला किया है।एमसीडी अब ऐसी आधुनिक मशीनों का उपयोग करेगी जो कुछ ही मिनटों में सड़क के गड्ढों को भरकर समतल कर देती हैं। विशेष बात यह है कि ये मशीनें बारिश के दौरान भी काम करने में सक्षम हैं।

एमसीडी का मानना है कि सड़कों पर बने गड्ढों के कारण वाहनों की आवाजाही से भारी मात्रा में धूल उड़ती है, जो वायु प्रदूषण को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती है। धूल कण (डस्ट पार्टिकल्स) पीएम-10 और पीएम-2.5 स्तर को बढ़ाते हैं, जिससे सांस संबंधी बीमारियों का खतरा भी बढ़ता है। इस समस्या के मद्देनजर सड़कों को समय रहते दुरुस्त रखने की तैयारी शुरू की। इसी कड़ी में बृहस्पतिवार को सिविक सेंटर के सामने एक विशेष पॉटहोल रिपेयर मशीन का ट्रायल कराया गया। मशीन ने सड़क पर बने गड्ढे को चंद मिनटों में भरकर समतल कर दिया। एमसीडी अधिकारियों के अनुसार, यह तकनीक पारंपरिक तरीकों की तुलना में तेज, टिकाऊ और अधिक प्रभावी है। इससे यातायात भी लंबे समय तक प्रभावित नहीं होगा और मरम्मत कार्य शीघ्र पूरा किया जा सकेगा। ट्रायल के दौरान स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा भी मौजूद थीं। वायु प्रदूषण से निपटना एमसीडी की प्राथमिकताओं में शामिल है और सड़क मरम्मत केवल बुनियादी सुविधा नहीं, बल्कि पर्यावरणीय कदम भी है।

## 12वीं कक्षा के छात्र ने मेट्रो ट्रेन के सामने लगाई छलांग

**नई दिल्ली।** उत्तम नगर ईस्ट मेट्रो स्टेशन पर शुक्रवार सुबह 12वीं कक्षा के एक छात्र ने मेट्रो ट्रेन के सामने छलांग लगाकर जान दे दी। मृतक की शिनाख्त 17 साल के नजफगढ़ निवासी अश्विनी डागर के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अश्विनी के परिवार वालों से पूछताछ कर खुदकुशी के कारणों के बारे में जानकारी हासिल कर रही है।




**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनकल्याण से जुड़े कार्यों का विस्तृत रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए।**

## एक नजर

### ऑल इंडिया रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट पुरुष 2026 संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी में टेनिस प्रेमियों के लिए बीता सप्ताह बेहद रोमांचक रहा। दिल्ली लॉन टेनिस एक्सीजिएशन के तत्वावधान में आयोजित 'ऑल इंडिया रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट पुरुष 2026' शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। प्रतियोगिता 16 से 20 फरवरी तक ध्यान चंद नेशनल स्टेडियम स्थित वीकेआर टेनिस एकेडमी के कोर्ट्स पर आयोजित की गई, जहां देशभर के 150 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश के उभरते खिलाड़ी यश चौरसिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दिल्ली के सार्थक को सीधे सेटों में 6-1, 6-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ उन्होंने ट्रॉफी के अलावा महत्वपूर्ण ।प्ज्। रैंकिंग अंक भी हासिल किए। एकेडमी के संस्थापक वीरेंद्र कुमार रावत ने बताया कि उनकी रेजिडेंशियल टेनिस एकेडमी पिछले 32 वर्षों से प्रतिभाओं को निखार रही है और कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार कर चुकी है। ?

### आर्ट स्पेक्ट्रा आर्ट एंड क्राफ्ट फेयर का आयोजन




**नई दिल्ली।** गांधी स्मृति और गांधी दर्शन और अंतास क्रिएटिविटी की ओर से आर्ट स्पेक्ट्रा आर्ट एंड क्राफ्ट फेयर का आयोजन गांधी दर्शन, बिरसा मुंडा ग्राउंड गांधी स्मृति, राज घाट, दिल्ली मे 20 से 23 फरवरी 2026 तक किया जा रहा है.फेयर का उद्घाटन ,चीफ गेस्ट श्री विजय गोयल वाइस चेयरमैन , गांधी स्मृति एवम गांधी दर्शन, जितेन हजारिका आर्टिस्ट,,पायल कपूर ,इंटीरियर आर्किटेक्ट के द्वारा किया गया.,क्यूरेटर, अमृता प्रकाश ने बताया कि फेयर मे नए टैलेंट से लेकर सीनियर प्रैक्टिशनर तकख्रजो लोक कला, धार्मिक और स्पिरिचुअल एब्स्ट्रैक्शन, कंटेंपररी प्रैक्टिस और अलग-अलग आर्ट फ्रॉम में काम करते हैं। फेयर में चुने गए आर्टिस्ट भाग ले रहे हैं और 200 से ज्यादा आर्ट वर्क पर्दर्शित हो रहे है. इस अवसर पर विजय गोयल ने अपने सम्बोधन कलाकारों की प्रसंशा करते हुए कहा की कलाकार देश और समाज को अपनी कला के माध्यम से जागरूक करने का काम करते है.यह फेयर ट्रेडिशन और इनोवेशन, इंडिविजुअलिटी और कलेक्टिव स्पिरिट के बीच एक वाइब्रेंट डायलॉग के तौर पर सामने आती है।

### हैल्थकेयर, इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं लीडरशिप की नौकरियाँ बढ़ीं

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मैचिंग एवं हायरिंग प्लेटफॉर्म, इनडीड ने भारत में 2026 के लिए सबसे अच्छी नौकरियों की सूची जारी की। 2026 के लिए भारत में नौकरियों की सूची में सबसे ऊपर हैल्थकेयर का स्थान रहा। सबसे अच्छी रैंकिंग डर्मेटोलॉजिस्ट, सर्जन, मेडिकल ऑफिसर बनने के अवसरों को मिली। इनडीड एशिया पैसिफिक के सीनियर इकॉनॉमिस्ट, कैलम पिक. रिंग ने कहा, ''साल 2026 में भारत की सबसे अच्छी नौकरियाँ एक विविधतापूर्ण और विकसित होती हुई अर्थव्यवस्था प्रदर्शित करती हैं। विशेषज्ञता, जिम्मेदारी और स्थिर मांग में सबसे मजबूत अवसर मिल रहे हैं।'

इन्फ्रास्ट्रक्चर और रियल ईस्टेट से अर्थव्यवस्था के सतत निर्माण का संकेत मिल रहा है। इंजीनियरिंग, कंस्ट्रक्शन और रियल ईस्टेट की नौकरियों का इस सूची में एक बड़ा हिस्सा है। इनमें सिविल इंजीनियर, सीनियर इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, इलेक्ट्रिकल डिजाईनर, क्वांटिटी सर्वेयर, आर्किटेक्ट, सीनियर आर्किटेक्ट, रियल्टर और रियल ईस्टेट एनालिस्ट शामिल हैं

### काजोल के नाम, छवि एवं वीडियो के व्यावसायिक उपयोग पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** व्यक्तिगत अधिकारों पर सुरक्षा की मांग वाली अभिनेत्री काजोल देवगन की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को अंतरिम आदेश पारित किया। न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ ने व्यवसायिक लाभ के लिए काजोल के नाम, छवि और वीडियो के इस्तेमाल पर अंतरिम रोक लगा दी। साथ ही प्रतिवादियों को काजोल से जुड़ी अश्लील व आपत्तिजनक सामग्री को हटाने का भी आदेश दिया। अदालत ने कहा कि प्रतिवादी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या डीपफेक के जरिए काजोल के नाम, छवि, वीडिया का उपयोग नहीं करेंगे।

## अमृता ने लांच किया एआई क्लिनिकल असिस्टेंट 'मेडसम'

**नई दिल्ली।** अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा में एक बड़ी समस्या व्याप्त है। बहुत सारे डॉक्टरों का ज्यादा समय मरीजों के बारे में टाइपिंग और कागजी कार्रवाई करने में चला जाता है। एक व्यस्त ओपीडी में एक कार्डियोलॉजिस्ट कई मरीजों को देखता है, फिर भी वह लिखने में काफी लंबा समय बिताता है। अमृता ने अब इस स्थिति को बदलने का बीड़ा उठाया है। अमृता हॉस्पिटल, के डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ सचिन गुप्ता ने इस बारे में बताते हुए कहा, एक व्यस्त ओपीडी में पेपरवर्क में डॉक्टर का लगभग एक-तिहाई समय लग जाता है। इसमें जरूरी जानकारी छूट सकती हैं, और मरीज अक्सर जल्दी देखते हैं। प्रोफेसर कमल बिजलानी और एआई टीम के साथ मिलकर काम करके हमने एक ऐसा समाधान बनाया है जो वाकई में डॉक्टरों को ज्यादा समय देता है ताकि वे इस समय को वहाँ लगा सकें।

# पेंटेयर फाउंडेशन व सेफ वाटर की साझेदारी से वाटर एटीएम स्थापित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सेफ वाटर नेटवर्क इंडिया ने पेंटेयर फाउंडेशन के सहयोग से आज कॉम्पोजिट सीनियर प्राइमरी स्कूल, नवादा रसूलपुर, नोएडा तथा प्राइमरी स्कूल, सरफाबाद, नोएडा में वाटर एटीएम का उद्घाटन किया।

इन वाटर एटीएम का उद्घाटन अजित तुलो, वाइस प्रेसिडेंट, ग्लोबल इंजीनियरिंग सेंटर, च्मदजंपत द्वारा किया गया। इस अवसर पर रविन्द्रा सेवक, कंट्री डायरेक्टर, सेफ वाट र नेटवर्क इंडिया तथा पूनम सेवक, वाइस प्रेसिडेंट (प्रोग्राम्स एंड पार्टनरशिप्स), सेफ वाटर नेटवर्क इंडिया सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।उद्घाटन के अवसर पर अजीत तुलो ने कहा, सबसे पहले, देश के प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल तक पहुँच का अधिकार है, विशेषकर हमारे युवा नागरिकों को, जो देश का भविष्य हैं। हमें सेफ वाटर नेटवर्क इंडिया जैसा साझेदार पाकर गर्व और प्रसन्नता है।




# हंगेरियन बुसो मास्क कार्निवल बुशो 5.0 का आयोजन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लिज्ट इंस्टीट्यूट हंगेरियन कल्चरल सेंटर, दिल्ली को भारत में पाँचवीं बार बुसो मास्क कार्निवल के रूप में एक उत्सवी कार्निवल आयोजित करने का अवसर मिला। इस कार्यक्रम का आयोजन मशहूर कलाकार नीरज मित्रा द्वारा किया गया है जो पिछले 25 वर्षों से सांस्कृतिक केंद्र की गतिविधियों से निकटता से जुड़े हुए हैं।

लिज्ट इंस्टीट्यूट हंगेरियन कल्चरल सेंटर दिल्ली की निदेशक मैरिएन एर्डो ने बताया: फरसांग हंगरी में कार्निवल सीजन को दिया गया नाम है, जिसके दौरान सर्दियों को भगाने के लिए देश भर में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उद्घाटन के अवसर पर क्यूरेटर नीरज मित्रा ने कहा



"बुशो का आयोजन सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ किया गया है, उन्होंने इस अवधारणा को अत्यधिक आकर्षक बताया, उन्होंने कहा कि शुरुआती वर्षों में सेटअप और इंस्टॉलेशन के मुद्दों सहित कई चुनौतियां आईं, इन बाधाओं के बावजूद, शो हर साल बड़ा और अधिक सफल होता गया है सचिन खुराना अभिनेता और मॉडल जो विशेष अतिथियों में से एक थे, ने कहा मुझे उम्मीद नहीं थी कि यह इतना दिलचस्प और रचनात्मक होगा।

## अब समय है विकसित भारत का नेतृत्व करने का: धर्मेंद्र प्रधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने उच्च शिक्षण संस्थानों से मैकाले की औपनिवेशिक शिक्षा मान. सिकता से मुक्त होकर 'विकसित भारत' के लक्ष्य के अनुरूप स्वयं को ढालने का आह्वान किया। इसी अवसर पर उन्होंने श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स दिल्ली विवि के प्रतिष्ठित दो वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन ग्लोबल बिजनेस ऑपरेशंस को पूर्णकालिक मास्टर डिग्री कार्यक्रम में परिवर्तित करने की औपचारिक घोषणा की। वे एसआरसीसी जीबीओ के वार्षिक प्रबंधन सम्मेलन 'युगांतर '26' का उद्घाटन कर रहे थे, जिसका इस वर्ष का विषय था ख्र "एआई फॉर सस्टेनेबिलिटी एंड स्टार्टअप इना. वेशन"।

# गर्मी से निपटने के लिए नई शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन -विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) के क्लाइमेट एंड हेल्थ जॉइंट प्रोग्राम, द रॉकफेलर फाउंडेशन और वेलकम ने नई क्षेत्रीय पहलों की घोषणा की है, जिनका उद्देश्य जलवायु विज्ञान को स्वास्थ्य संबंधी कार्यों से जोड़ना है, ताकि भीषण गर्मी के प्रभावों को रोका जा सके, समुदायों को सशक्त बनाया जा सके और लोगों की जान बचाई जा सके। मुंबई क्लाइमेट वीक के दौरान, डब्ल्यूएचओ-डब्ल्यूएमओ क्लाइमेट एंड हेल्थ जॉइंट प्रोग्राम, द रॉकफेलर फाउंडेशन और वेलकम ने दक्षिण एशिया के लोगों को भीषण गर्मी से बचाने के लिए दो नई एकीकृत पहलों की घोषणा की। उपमहाद्वीप में अत्यधिक गर्मी मानव स्वास्थ्य और आर्थिक स्थिरता के लिए तेजी से बढ़ता गंभीर खतरा बनती जा रही है।

आईएमडी के मौसम विज्ञान के महानिदेशक और डब्ल्यूएमओ में भारत के स्थायी प्रतिनिधि डॉ. मृत्युंजय मोहापात्रा ने कहा, "दक्षिण एशिया में अत्यधिक गर्मी जीवन और आजीविका के लिए बढ़ता जोखिम है। आईएमडी, दक्षिण एशिया क्लाइमेट-हेल्थ डेस्क के तहत आईआईटीएम के साथ इस साझेदारी का स्वागत करता है।

# शतक फिल्म का प्रीमियर शो संपन्न हुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सौ वर्ष की यात्रा को लेकर एक प्रभावी फिल्म शतक का प्रदर्शन संपूर्ण भारत में हो रहा है। इस फिल्म को लेकर राष्ट्रप्रेमी समाज जन में अत्यंत उत्साह तथा जिज्ञासा भी है।

फिल्म के प्रीमियर के अवसर पर, फिल्म निर्माताओं ने दिल्ली के डिलाइट सिनेमा में फिल्म की एक विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, फिल्म के निर्माता वीर कपूर और निर्देशक आशीष मल्ल के साथ स्क्रीनिंग में शामिल हुए, जो इस अवसर पर उपस्थित थे। संघ के उपर बनी फिल्म बहुत



सुंदर खूबसूरती से बनाई गई। यह देश की आम जनता पर गहरी छाप छोड़ेगी।

फिल्म निर्माता ने संघ के संस्थापक डा केशव राव बलिराम हेडगेवार के बाल्य काल से लेकर बाला साहब देवरस तक का जीवंत उदाहरण दिए गए हैं।

यह फिल्म मुख्य रूप से संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में लाई गई है, जो आम दर्शकों के लिए भी प्रेरणादायक होने का दावा करती है।

# श्री दिगम्बर जैन लाल मंदिर में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्राचीन श्री अग्रवाल दिगंबर जैन पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में आचार्य श्री श्रुतसागरजी और सौरभ सागर जी के संघ सानिध्य में ऐतिहासिक श्री दिग. बर जैन लाल मंदिर , लाल किला मैदान में 6 दिवसीय पंचकल्याणक महोत्सव में मोक्षकल्याणक पर जाप्यानुष्ठान, भगवान आदिनाथ का मोक्षगमन, अग्निसंस्कार, निर्वाण कल्याणक पूजन और पूर्णाहूति के बाद प्रतिष्ठित त्रिकाल चौबीसी की 72 प्रतिमाएं भव्य शोभायात्रा के साथ शुक्रवार को लाल मंदिर में विराजमान करने के साथ ही संपन्न हुआ। मीडिया प्रभारी रमेश जैन के



अनुसार भव्य घटयात्रा से शुरू महोत्सव में गर्भ कल्याणक के बाद जन्मकल्याणक पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई।

विशाल पांडुक शिला पर 1008 कलशों से जिनेंद्र भगवान का अभिषेक किया गया। आयोजन में जिनराज जैन, प्रमोद जैन-वर्धमान, नीरज जैन, जिनेंद्र जैन, पीके जैन, कुलदीप जैन, पं. नरेश जैन कांसल, नवीन जैन-मुलतान आदि का विशेष योगदान रहा। महत्ती धर्म प्रभावना के साथ महोत्सव संपन्न हुआ।

## दिल्ली सरकार की सालगिरह पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली मूल ग्रामीण पंचायत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने दिल्ली की माननीया मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता को दिल्ली सरकार की पहली सालगिरह पर अपनी बधाई देते हुए दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों की कुछ प्रमुख समस्याओं की और भी उनका ध्यान आकर्षित किया है। वत्स ने कहा कि

आज दिल्ली सरकार की पहली सालगिरह है। 27 साल के सूखे के बाद दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी थी। लोगों को लगता था कि उनकी डेली रुटीन की प्राब्लम छू मंतर हो जाएंगी पर ऐसा हुआ नहीं। उपलब्धियों के नाम पर जश्न मनाने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके मंत्रिमंडल के कैबिनेट सहयोगियों के पास अटल कैंटीन और आरोग्य मंदिर, 500 नई इलेक्ट्रिक बसें प्रमुख हैं।

# प्लेटफॉर्म गवर्नेंस की चुनौतियों पर चर्चा


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एसएफएलसी.इन ने मानवाधिकार, प्रौद्योगिकी नीति और इंटरनेट शासन के क्षेत्र में कार्यरत ब्रिटेन की संस्था ग्लोबल पार्टनर्स डिजिटल के साथ मिलकर विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को एक मंच पर एकत्रित किया।

विशेषज्ञों ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जेनरेटिव एआई की तीव्र वृद्धि से उत्पन्न विनियमन, जवाबदेही और मानवाधिकारों की सुरक्षा से जुड़ी वैश्विक बहस के बदलते स्वरूप पर विचार-विमर्श किया। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के साथ आयोजित इस बैठक में लगभग 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें कानून निर्माता, नीति-निर्माता, नागरिक समाज के नेता, उद्योग प्रतिनिधि, शोधकर्ता तथा प्रौद्योगिकी शासन विशेषज्ञ शामिल थे। वे कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्लेटफॉर्म शासन से संबंधित नई चुनौतियों पर चर्चा के लिए एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, यूरोप और अन्य क्षेत्रों से एकत्र हुए थे।

प्रारंभिक चर्चाओं में यह सामने आया कि कई प्लेटफॉर्म शासन नियम ग्लोबल साउथ की परिस्थितियों से अलग बनाए गए हैं और वे स्थानीय सामाजिक-राजनीतिक स्थितियों, भाषाई विविधता तथा सीमित संस्थागत क्षमता के अनुरूप पूरी तरह उपयुक्त नहीं हैं। जैसे-जैसे जेनरेटिव और एजेंट-आधारित एआई प्रणालियाँ डिजिटल प्लेटफॉर्म का हिस्सा बन रही हैं, नए प्रश्न उभर रहे हैं।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं


फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# लंबित प्रकरणों पर विभागीय अधिकारियों की होगी जवाबदेही तय: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की गयी। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, जीडीए, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/ शिकायती पत्र प्राप्त हुए।

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री मंशानुरूप एवं शासन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार हर शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं। कोई भी किसी गरीब, असहाय व बेबस व्यक्ति को परेशान या पीड़ित करता है तो सम्बंधित के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाएं।



प्रत्येक जन के विकास एवं जनपद के विकास में सभी अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का कार्य करें। जिलाधिकारी ने बताया कि जनता के हित एवं अधिकारों को ध्यान में रखते हुए मा0सीएम स्तर से जनता दर्शन के दौरान अधिकारियों की मॉनिटरिंग की जा रहें।

इसी क्रम में इस कार्य में और अधिक पारदर्शिता और गुणवत्ता लाने के उद्देश्य से मेरे द्वारा सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों की जनसुनवाई के समय मॉनिटरिंग की जा रही है, इस दौरान सुबह 10:00 से 12:00 बजे तक सभी अधिकारी अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर जनसुनवाई करेंगें और मेरे साथ जूम एप रहेंगे, जिससे जनता दर्शन में आए प्रार्थियों/ आवेदकों/ शिकायतकर्ताओं की समस्या का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा सके।

जनता दर्शन में निरंतर प्राप्त होने वाली शिकायतों, समस्याओं और निवेदनों दिव्यांगजन कल्याण विभाग, शस्त्र लाईसेंस (विरासत), नियोजन विभाग (फैमिली आईडी), यू0पी0 नेडा, पीएम सूर्य घर योजना, अवैध कब्जा /भूमाफियाओं के खिलाफ अभियान आदि के निस्तारण एवं निवारण के क्रम में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देशित दिए गये। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि उक्त सभी कार्य युद्ध स्तर पर किये जाएं, उक्त से सम्बंधित किसी भी व्यक्ति को असुविधा का सामना ना करना पड़ें।

ऐसा कोई भी कार्य बर्दाश्त नहीं किया जायेगा जिससे सरकार की छवि धूमिल हो। अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएं। जनता का उत्पीड़न किसी भी रूप में क्षमा योग्य नहीं हैं।

जनसुनवाई के दौरान एडीएम एल/ए अवनीश, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा का होली मिलन समारोह धूमधाम से संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा/ प्राइवेट चिकित्सक वेलफेयर एसोसिएशन/ सवर्ण महासभा के तत्वाधान में होली मिलन समारोह बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा सांसद डॉ अनिल अग्रवाल एवं मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी द्वारा ज्योति प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर संस्थाओं के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि होली एक प्रमुख हिंदू धार्मिक पर्व है जो खुशी, आनंद, प्रेम और एकता की भावना को दर्शाता है। यह फागुन मास के शुक्ल पक्ष में मनाया जाता है और इसे विभिन्न नामों से जाना जाता है, जैसे- रंगपं. चमी, धुलेंदी और धुलंडी। कुछ लोग इसे रंगों और भांग के इस्तेमाल से आनंद मनाने का त्योहार मानते हैं। लेकिन होली का असली अर्थ वही है जो सनातन धर्म के संतों ने सिखाया है।

# कौशांबी स्थित सेंट्रल पार्क में लगवाई गई 25 लाइट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** कौशांबी स्थित सेंट्रल पार्क में क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल प्रयासों द्वारा पार्क के इनर सर्कल में 25 लाइट लगवाई गई है। जिसका उद्घाटन समाजसेवी एवं प्लॉट एरिया के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश और पूर्व करवा अध्यक्ष नागेंद्र विजय वर्गीय द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद मनोज गोयल द्वारा बताया गया कि इससे पहले भी आउटर सर्कल में 35 लाइट लगाई गई थी पार्क में लगातार विकास कार्य जारी है जल्दी और कार्य होने इस अवसर समाजसेवी सुनील गांधी समाजसेवी एवं शिक्षाविद उर्मिला अरोड़ा पूर्व रेलवे अधिकारी एवं पर्वतारोही पवन सैनी समाजसेवी गौरव वर्मा पप्पू चौपाल से पवन गुप्ता वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश कटिहार भाजपा नेत्री रेनू मल्होत्रा, सरोज वर्मा, एनजी प्रसाद, महाराज सिंह, जगमोहन शर्मा, रंजना झा द्वारा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों सरहना की गई।

# एसडीजीआई यूनिवर्सिटी मे अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई यूनिवर्सिटी में शैक्षणिक सत्र के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों और निदेशकों को सम्मानित करने के लिए 'Appreciation Award Ceremony (Best Teachers Directors)' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर में गरिमापूर्ण माहौल में आयोजित हुआ, जिन बड़ी संख्या में शिक्षक और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अलग-अलग स्कूलों के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों और निदेशकों को उनके उत्कृष्ट शिक्षण कार्य, बेहतर प्रशासनिक क्षमता, अच्छे परिणाम और संस्थान के विकास में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सभी को प्रशस्ति पत्र देकर उनके समर्पण, नेतृत्व क्षमता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की गई। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि किसी भी संस्थान की सफलता उसके शिक्षकों और नेतृत्व टीम की मेहनत और समर्पण निर्भर करती है।



यह सम्मान उनके निरंतर प्रयासों और छात्रों के सर्वांगीण विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कार्यक्रम की सराहना सुन्दर दीप एजुकेशनल सोसायटी के चेयरमैन एवं कुलाधिपति महेंद्र अग्रवाल, उपकुलाधिपति नितिन अग्रवाल, उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर विमल कुमार शर्मा, प्रो-चांसलर (प्रशासन) पियूष श्रीवास्तव, कुलपति प्रो (डॉ) प्रसेनजीत कुमार और रजिस्ट्रार डॉ राजीव रतन ने की। उन्होंने सम्मानित शिक्षकों और निदेशकों को बधाई देते हुए आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। विश्व. विद्यालय परिवार ने विश्वास जताया कि ऐसे कार्यक्रम संस्थान में गुणवत्ता और सकारात्मक कार्य-संस्कृति को मजबूत करते हैं तथा सभी शिक्षकों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

# औद्योगिक भूखंडो के मेंटिनेंस चार्ज व लीज रेंट जमा कराए जाने को कैंप का किया गया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ट्रांस हिंडन साहिबाबाद ने UPSIDA द्वारा औद्योगिक भूखंडो के Maintenance Charge & Lease Rent जमा कराए जाने हेतु कैंप का आयोजन किया। जिसमें करीब 200 उद्यमियों ने मेंटेनेंस चार्ज जमा कराया, अन्य ने अपने देय की जानकारी प्राप्त की कैंप में UPSIDA से धीरज मिश्रा एई (मैनेजर सिविल), संदीप कुमार कनिष्ठ सहायक, रोहित श्रीवास्तव सहायक की उपस्थिति रही। संगठन के अध्यक्ष अशोक चौधरी, सदस्य - वरुण कोहली, सुनील कुमार जैन, चेतन कश्यप, विश्वनाथ सिंगल, नीरज सक्सेना, प्रशांत शर्मा, रिंकू शर्मा, मोहनलाल शर्मा, गोयल, नरेश अरोड़ा, भारत भूषण, कशिश रहेजा, अशोक महेश्वरी, अनिल अरोड़ा, निशांत चौधरी, सुनील कुमार उपस्थित रहे।

### गणेश अस्पताल में सोशल अवेयरनेस कैंप का आयोजन

# नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श के साथ दी सीपीआर ट्रेनिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) गाजियाबाद के सहयोग से गणेश अस्पताल में एक विशेष सोशल अवेयरनेस कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों में स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। ग्कैंप में उपस्थित मरीजों को टीएसएच (थायरॉयड), बीएमडी (बोन मिनरल डेंसिटी), पीएफटी (पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट) जैसी जांचों के साथ-साथ नि:शुल्क डॉक्टर परामर्श सेवा प्रदान की गई। कार्यक्रम में सबसे महत्वपूर्ण सत्र सीपीआर ट्रेनिंग का था, जिसमें प्रतिभागियों को आपातकालीन परिस्थितियों में



जीवन बचाने के तरीकों के बारे में शिक्षित किया गया। इस अवसर पर कआईएमएगाजियाबाद की अध्यक्ष डॉ. अल्पना कंसल और उपाध्यक्ष डॉ. अर्चना शर्मा ने कहा कि ऐसे कैंप लोगों में स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम मरीजों और नागरिकों को उनके स्वास्थ्य की बेहतर समझ देने का अवसर है। कार्यक्रम में संयुक्त सचिव डॉ. अरुणा अग्रवाल, अध्यक्ष निर्वाचित डॉ. प्रहलाद चावला, डॉ. नीलू खनेजा, उपाध्यक्ष डॉ. अर्चना वर्मा, डॉ. रीनू गोयल, डॉ. आकांक्षा कंसल, डॉ. चुमकाई दे सिन्हा और डॉ. मोनिशा गुप्ता भी उपस्थित रहे और कैंप की सफलता में योगदान दिया।

# जोन सात में प्राधिकरण की अवैध निर्माणों पर जबरदस्त कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** प्रवर्तन जोन-7 के नेतृत्व में प्रवर्तन जोन-7 क्षेत्रान्तर्गत गुलमोहर वाटिका कालोनी के भूखण्डों पर स्वीकृत मानचित्र के विरूद्ध किये गयेअतिरिक्त तल तथा सैट बैकों को अतिक्रमित कर किये गये निर्माण, अश्विनी अग्रवाल, 04 गुलमोहर वाटिका, वाद सं0- जीडीए/ एएनआई/ 2025/ 0004275, ममता चावला, 07 गुलमोहर वाटिका वाद सं0- जीडीए/ एएनआई/ 2024/ 0003617, पवन कुमार पुत्र महावीर प्रसाद, 17 गुलमोहर वाटिका, वाद सं0- जीडीए/ एएनआई/ 2024/ 0003618, सत्यवीर सिंह, 18 गुलमोहर वाटिका, वाद सं0- जीडीए/ एएनआई/ 2024/ 0003619 शैन्की मावी, 9 व 10, गुलमोहर वाटिका, वाद सं0-जीडीए/ एएनआई/ 2024/ 0003225, आनन्द पाल चौहान पुत्र मेघ सिंह चौहान, भूखण्ड सं0-20 गुलमोहर वाटिका, वाद सं0- जीडीए/ एएनआई/ 2024/ 0003226, डिम्पल सिंघल पत्नी मूलचन्द सिंघल, मूलचन्द सिंघल पुत्र किशन कुमार सिंघल, 28 गुलमोहर वाटिका, वाद सं0- जीडीए/ एएनआई/ 2024/ 0003091, देवेन्द्र गुप्ता एवं सपना, 29 गुलमोहर वाटिका, वाद सं0- जीडीए/ एएनआई/ 2024/ 0003092, रोहित शर्मा, सी-1 गुलमोहर वाटिका, वाद सं0- जीडीए/ एएनआई/ 2024/ 0003615, अनुराधा, 21 गुलमोहर वाटिका, वाद सं0- जीडीए/ एएनआई/ 2024/ 0003200 पूनम मावी पत्नी प्रकाशवीर मावी, सुदेश



प्रताप सिंह, 23 व 24 गुलमोहर वाटिका, वाद सं0- जीडीए/ एएनआई/ 2024/ 0003227 देवेद्र कुमार, 08 गुलमोहर वाटिका, वाद सं0- जीडीए/ एएनआई/ 2024/ 0003198 महेश्वर भाटी, 11 गुलमोहर वाटिका, वाद सं0- जीडीए/ एएनआई/ 2024/ 0003089, सतेन्द्र, 05, गुलमोहर वाटिका, वाद सं0- जीडीए/ एएनआई/ 2024/ 0003088 पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। गुलमोहर वाटिका स्थित 05 निर्माणों के निर्माणकर्ताओं द्वारा शमन कराने हेतु प्रार्थना पत्र दिये गये, जिनके निर्माण शमन सीमा के अन्तर्ग हैं। उक्त ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय प्रवर्तन जोन-7 के सहायक अभियन्ता पियूष सिंह, अवर अभियन्ता प्रशान्त मिश्रा व अवर अभियन्ता अर्जुन यादव, स्थानीय पुलिस बल, प्राधिकरण पुलिस बल तथा प्रवर्तन जोन का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# आईटीएस की छात्रा सान्वी तनेजा ने किया गाजियाबाद का किया नाम रोशन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आई.टी.एस यूजी कैंपस की बीबीए प्रथम वर्ष की छात्रा सान्वी तनेजा ने भारत बौद्धिक परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने संस्थान आईटीएस और गाजियाबाद का नाम रोशन किया है। यह परीक्षा विद्या भर्ती उच्च शिक्षा संसथान द्वारा दिल्ली यूनिवर्सिटी के सहयोग से आयोजित की गई थी। देशभर से 70,000 से अधिक प्रतिभागियों के बीच सान्वी ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय देते हुए प्रथम स्थान अर्जित किया।

मूल्यांकन के आधार पर 7 छात्रों को चयनित किया गया जिनको नकद पुरुस्कार के रूप में एक लाख का एक, 50 -50 हजार के दो और 25 -25 हजार के चार पुरुस्कार दिए जाने थे। इन चयनित 7 छात्रों में सान्वी तनेजा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आईटीएस (यूजी कैंपस) में आई.टी.एस यंग इंडिया मंथन सीरीज के शुभारंभ के अवसर पर आई.टी.एसबद एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने सान्वी द्वारा किये गए उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और कहा की और छात्रों को भी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए।

इस अवसर पर संस्थान की प्रिंसिपल प्रोफेसर (डॉ) नैंसी शर्मा ने सान्वी और उसके परिवार के सदस्यों को बधाई दी और इसी तरह आगे प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान के पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के क्षेत्रीय संयोजक प्रो. शिवराज सिंह, विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान के मेरठ प्रान्त के जॉइंट सेक्रेटरी एवं गाजियाबाद के संयोजक प्रोफेसर (डॉ) विनोद कुमार ने अपने सन्देश में छात्र सान्वी तनेजा, आईटीएस संस्थान के प्रबंधन एवं परीक्षा समन्वयक डॉ मनोज कुमार को बधाई व् शुभकामनाएँ दी।

# सूर्या हॉस्पिटल यूनिट दो का किया गया उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** रावली रोड स्थित टेलीफोन एक्सचेंज के सामने अत्यंत आधुनिक सुविधाओं से लैस हॉस्पिटल सूर्या हॉस्पिटल यूनिट 2 का उद्घाटन पूर्व विधायक वहाब चौधरी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इसकी पहली यूनिट आई टी एस डेंटल कॉलेज सूर्या हॉस्पिटल के नाम से पिछले विगत 25 30 वर्षों से चल रही है। जिसकी दूसरी यूनिट शुभारंभ हुआ है। जिसमें प्रमुख रूप से समाजसेवी अजय प्रमुख, डॉ सुनील चौधरी के नेतृत्व में अनुभवी चिकित्सको के पैनल के द्वारा आज हॉस्पिटल का शुभारंभ किया गया है।

जिसमें क्षेत्र के लोगों के लिए बेहतर से बेहतर सुविधा मोदीनगर गाजियाबाद जैसे बड़े हॉस्पिटलों जैसी सुविधाएं और अंत्य आधुनिक मशीन है, जांच डॉक्टर की फीस हॉस्पिटल का खर्चा सीमित खर्चो के साथ में किया जाएगा। आज क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों ने आकर डॉक्टर सुनील चौधरी, और अजय प्रमुख जी, हाजी इस्लाम को और समस्त डॉक्टर टीम को आकर के बधाई दी।

# संस्कार और शिक्षा का संगम: सुरेविन विद्यालय के विद्यार्थियों की शानदार सफलता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गायत्रीतीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सुरेविन इंटरनेशनल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में कक्षा 6 की छात्रा वर्तिका ने प्रथम स्थान तथा कक्षा 8 की छात्रा शुभी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट श्रेणी में अपनी उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज कराई। विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में दोनों छात्राओं को प्रमाण-पत्र व ट्राफी प्रदान कर सम्मानित करते हुए सभी प्रतिभागी छात्रों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। समारोह के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सरिता सिंधु ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, "इस प्रकार की परीक्षाएँ विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं राष्ट्रभावना को सुदृढ़ करती हैं। हमारी छात्राओं ने अपने परिश्रम, अनुशासन और समर्पण से यह सिद्ध कर दिया है कि सही मार्गदर्शन और दृढ़ निश्चय से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।" विद्यालय के प्रबंधक तुषार गुप्ता एवं डॉ. शिखा दरबारी ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, "विद्यालय सदैव शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों के विकास को प्राथमिकता देता है।

# आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड व नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडी ग्लोबल स्कूल शताब्दीपुरम गोविंदपुरम गजप्रस्थ पर मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी के निर्देश पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल गजप्रस्थ द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं डाक विभाग के सहयोग से आधार कार्ड आयुष्मान कार्ड कैम्प व नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रात: 10:00 बजे से शुरू होकर 3:00 बजे तक लगातार चलता रहा। श्रेया आई सेंटर इंदिरापुरम की तरफ से आंखों की मुफ्त जांच भी की गई इस कैंप में 18 वर्ष तक की आयु के नए आधार कार्ड बनवाए गए तथा सभी आयु वर्ग के पुराने आधार कार्ड में सुधार किया गया। श्रेया आई सेंटर के डॉक्टर विकास वीरवाल ने अपनी टीम के साथ सहयोग प्रदान किया कैंप का उद्घाटन राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बाल किशन गुप्ता द्वारा किया गया।

### 171वीं बोर्ड बैठक सम्पन्न: तुलसी निकेतन पुनर्विकास

# अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, एरोसिटी थीम टाउनशिप एवं हिंडन तटबंध मार्ग परियोजना को मिली स्वीकृति'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की 171वीं बोर्ड बैठक आज दिनांक 19 फरवरी 2026 को प्राधिकरण सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रस्तुत सभी 25 एजेंडों पर विस्तृत विचार-विमर्श के उपरांत बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में विशेष रूप से तुलसी निकेतन पुनर्विकास, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, एरोसिटी थीम टाउनशिप तथा हिंडन नदी तटबंध (बंधा) परियोजना को अलग-अलग महत्वपूर्ण प्रस्तावों के रूप में अनुमोदित किया गया।

**तुलसी निकेतन योजना का व्यापक पुनर्विकास स्वीकृत:** तुलसी निकेतन योजना में स्थित 288 एलआईजी भवन, 2004 ईडब्ल्यूएस भवन तथा 60 दुकानों की जर्जर अवस्था को दृष्टिगत रखते हुए योजना के समग्र पुनर्विकास का प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बोर्ड ने उत्तर प्रदेश शहरी पुनर्विकास नीति-2026 के प्रावधानों के अनुरूप इस योजना को पीपीपी मॉडल पर पुनर्विकसित करने की सैद्धांतिक एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की। पुनर्विकास के अंतर्गत आधुनिक बहुमंजिला आवासीय परिसर, सुव्यवस्थित पार्किंग, आंतरिक सड़कें, सीवरेज,



जलापूर्ति, विद्युत व्यवस्था एवं हरित क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। वर्तमान निवासियों के पुनर्वास की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

**राजनगर एक्सटेंशन में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को सैद्धांतिक स्वीकृति:** राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र के ग्राम मोरटी एवं अटौर में संयुक्त उपक्रम के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप क्रिकेट स्टेडियम विकसित करने के प्रस्ताव को बोर्ड ने सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की। प्रस्तावित स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पिच, दर्शक दीर्घाएं, कॉर्पोरेट बॉक्स, मीडिया सेंटर, पार्किंग एवं अन्य खेल सुविधाएं विक. सित की जाएंगी। यह परियोजना न केवल खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि गाजियाबाद को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**एरोसिटी थीम आधारित एकीकृत टाउनशिप-अलग मेगा परियोजना के रूप में स्वीकृत:** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के आसपास "एरोसिटी थीम" पर आधारित एक आधुनिक एवं एकीकृत टाउनशिप विकसित करने के प्रस्ताव को भी बोर्ड द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। इस टाउनशिप में उच्च स्तरीय आवासीय परिसर, वाणिज्यिक कॉम्प्लेक्स, हॉस्पिटैलिटी एवं रिटेल जोन, संस्थागत क्षेत्र, स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट, मल्टीलेवल पार्किंग, हरित क्षेत्र एवं ओपन स्पेस जैसी समस्त आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। यह परियोजना निवेश आकर्षित करने, रोजगार सृजन करने एवं गाजियाबाद को एक आधुनिक शहरी गंतव्य के रूप में विकसित करने में सहायक सिद्ध होगी।

# जहरीले पदार्थ का सेवन कर युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास, जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के भोजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव खानपुर में एक युवक के द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। गंभीर हालत में युवक को आनन-फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार गांव खानपुर निवासी नन्नू पुत्र विक्रम मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। परि. जनों के मुताबिक नन्नू ने घर पर ही किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जब उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी और उल्टियां होने लगीं तो परिवार वालों को घटना की जानकारी हुई। इसके बाद परिजन तुरंत उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे।परिजनों का कहना है कि उन्हें नहीं पता कि नन्नू ने कौन सा जहरीला पदार्थ खाया है और न ही उसने इस संबंध में कुछ बताया। घटना के पीछे के कारणों का भी अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है और हालत पर लगातार नजर रखी जा रही है।सूचना मिलने पर संबंधित थाना पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं तथा पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है।

# अमृत योजना की पाइपलाइन बनी परेशानी का कारण लीकेज से सड़क पर भरा पानी

**चन्दौसी।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत योजना के तहत शहर में पेयजल आपूर्ति सुदृढ़ करने के लिए डाली गई नई पाइपलाइन अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। मानकों के अनुरूप कार्य न होने के कारण जगह-जगह से पाइपलाइन लीक हो रही है, जिससे सड़कों पर पानी भरने की समस्या उत्पन्न हो रही है। इससे न केवल पेयजल की बर्बादी हो रही है, बल्कि सड़कों की मजबूती पर भी खतरा मंडराने लगा है। शक्तिनगर क्षेत्र में हाल ही में अतिक्रमण हटाकर सड़क का चौड़ीकरण किया गया था तथा नई स्ट्रीट लाइटें भी लगाई गई थीं, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद जगी थी। लेकिन पाइपलाइन में लगातार हो रहे लीकेज के कारण सड़क पर पानी भर गया। इससे सड़क की सतह कमजोर होकर धंसने की संभावना बढ़ गई है। यदि समय रहते मरम्मत नहीं की गई तो सड़क पर बड़े गड्ढे बन सकते हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पाइपलाइन डालने वाली संस्था ने कार्य में गंभीर लापरवाही बरती है और गुणवत्ता का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखा गया। घटिया सामग्री और मानकों की अनदेखी के कारण नई पाइपलाइन कुछ ही समय में क्षतिग्रस्त होने लगी है, जिससे योजना की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। नगरवासियों ने मांग की है कि पाइपलाइन की गुणवत्ता की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी संस्था और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा लीकेज को तत्काल ठीक कराया जाए, ताकि सड़क को क्षतिग्रस्त होने से बचाया जा सके और लोगों को होने वाली परेशानी से राहत मिल सके।

## एक नजर

### नशे का इंजेक्शन लगाते युवकों का वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल

मुरादाबाद।शहर में नशे की गिरफ्त में जकड़े युवाओं का एक हैरान कर देने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दो युवक सरेआम एक-दूसरे को नशीला इंजेक्शन लगाते नजर आ रहे हैं, जिससे शहर की कानून व्यवस्था और युवाओं के भविष्य को लेकर गंभीर



सवाल खड़े हो गए हैं।बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो शहर के व्यस्त बुद्ध बाजार और मोहल्ला असालतपुरा क्षेत्र का है। वीडियो में देखा जा सकता है कि युवक कूड़े और कबाड़ के ढेर के पीछे छिपकर नशीले इंजेक्शन का सेवन कर रहे हैं। आसपास से लोग गुजरते दिख रहे हैं, जिससे यह साफ है कि उन्हें किसी तरह का खौफ नहीं है।वीडियो बना रही एक महिला, जिसे युवक 'सिस्टर-सिस्टर' कहकर संबोधित कर रहे हैं, पूरी घटना को कैमरे में रिकॉर्ड कर रही है। महिला ने वीडियो के माध्यम से पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।स्थानीय लोगों का कहना है कि खुलेआम नशे का यह कारोबार बच्चों और किशोरों पर बुरा असर डाल रहा है। लोगों ने पुलिस से क्षेत्र में अभियान चलाकर नशे के कारोबार पर लगाम लगाने की मांग की है।

### देवी मंदिर में वार्ष्णेय परिवार ने आयोजित की देवी चौकी

**चन्दौसी।** नगर की गणेश कॉलोनी स्थित देवी मंदिर में वार्ष्णेय समाज के परिवार द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ देवी चौकी का आयोजन किया



गया। कार्यक्रम में आमंत्रित कलाकारों ने मां देवी के भजनों की मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। भक्तजन पूरे कार्यक्रम के दौरान भजनों पर झूमते हुए मां की आराधना में लीन दिखाई दिए। देवी चौकी के समापन के उपरांत वार्ष्णेय परिवार द्वारा देर रात्रि तक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें गणेश कॉलोनी के निवासियों एवं नगर के संभ्रांत व्यक्तियों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ रही और सभी ने आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक वार्ष्णेय परिवार से सोनू वार्ष्णेय, मिन्टू वार्ष्णेय, पुष्पेन्द्र गुप्ता, सुशीला वार्ष्णेय, प्रतीक वार्ष्णेय, शिखा वार्ष्णेय, शशि एवं शुभम सहित अन्य श्रद्धालुओं ने सक्रिय सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### मंडी समिति के बाहर किसान से 20 हजार की टप्पेबाजी, परिचित बनकर दिया वारदात को अंजाम

**चन्दौसी।** मंडी समिति में उड़द बेचने आए एक किसान के पुत्र से टप्पेमार ने 20 हजार रुपये ठग लिए। पीडिघ्त किसान थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र का निवासी बताया गया है, जो अपने बेटे के साथ चन्दौसी स्थित मंडी समिति में उड़द बेचने आया था। जानकारी के अनुसार पिता-पुत्र ने मंडी में 47,800 रुपये की उड़द बेची। बिक्री के बाद बेटे ने 5,000 रुपये पिता को सुरक्षित रखने के लिए दे दिए और शेष रकम दो अलग-अलग जेबों में रख ली। जब दोनों मंडी समिति से बाहर निकले, तभी एक युवक उनके पीछे लग गया। उसने स्वयं को परिचित बताते हुए बेटे को बातचीत में उलझा लिया और उसे थोड़ी दूरी पर एकांत में ले गया।

इसी दौरान आरोपी ने चपत मारकर उसकी जेब से 20 हजार रुपये की गड्डी निकाल ली और मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर पिता-पुत्र के होश उड़ गए। बेटे ने पूरी घटना अपने पिता को बताई, जिसके बाद मंडी समिति चौकी में तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गौरतलब है कि मंडी समिति और बहजोई प्राइवेट बस स्टैंड के आसपास टप्पेमार गिरोह सक्रिय रहने की शिकायतें पहले भी मिलती रही हैं। ये शातिर कभी महिलाओं को झांसा देकर उनके कुंडल उतरवा लेते हैं।

### क्रीडा प्रतियोगिता में पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय बिलारी के छात्र मोहम्मद जैन ने जीता गोल्ड मेडल



**बिलारी।** नगर के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय बिलारी के छात्र मोहम्मद जैन जो कक्षा चार के विद्यार्थी है,उन्होंने जनपदीय शैक्षिक क्रीडा प्रतियोगिता, जो एसएम कॉलेज चंदौसी में संपन्न हुई थी कुश्ती के 45 किलो भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करके गोल्ड मेडल जीता।

44 किलो भार में हुई जूडो की प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान प्राप्त करके गोल्ड मेडल जीता। मोहम्मद जैन ने दो-दो गोल्ड मेडल जीतकर अपने विद्यालय अपनी तहसील बिलारी का जनपद- मुरादाबाद में नाम रोशन किया है। उनके पिता मोहम्मद मारूफ उत्तर प्रदेश पुलिस के जांबाज सिपाही है उन्होंने भी खेल प्रतियोगिताओं में बहुत गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट प्राप्त किए। प्रतियोगिताओं में दो-दो मेडल प्राप्त करने पर स्कूल के प्रधानाचार्य मोहम्मद सुलेमान अंसारी और क्लास टीचर पुष्पांज. लि एवं अध्यापक वीरपाल सिंह ,रूपम ,अब्दुल मलिक ने छात्र मोहम्मद जैन को गले में मेडल पहनाकर और प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया। इस दौरान स्कूल के छात्राओं ने जोरदार तालियां बजाकर मोहम्मद जैन का मनोबल बढ़ाया।

### एसआईआर के अंतर्गत 22 फरवरी 2026 को सभी बूथों पर मौजूद रहेंगे बीएलओ

**मुरादाबाद।** उपजिला निर्वाचन अधिकारी /अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्रीमती संगीता गौतम ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का विषेश प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 गतिमान है। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु 06 मार्च 2026 तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जायेंगी।

अर्ह मतदाताओं से प्रारूप 6 में नाम बढाने हेतु तथा प्रारूप-7 में नामावली में विद्यमान किसी भी प्रविष्टि पर आपेक्ष तथा प्रारूप-8 में किसी भी नाम में संशोधन इत्यादि के लिए दिनांक 22 फरवरी, 2026 (रविवार) को प्रात: 10:30 बजे से सांय 4:30 बजे तक विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जा रहा है,जिसमें समस्त बूथों पर संबंधित बीएलओ द्वारा उपस्थित रहकर दावे और आपत्तियां प्राप्त की जायेगी। सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ के पास आलेख्य मतदाता सूची एवं मतदाता पंजीकरण से संबंधित फार्म-6.7, व 8 तथा घोषणा पत्र भी प्रर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहेंगे। आम नागरिकों से अपील है कि दिनांक 22 फरवरी 2026 को अपने-अपने निकटतम बूथ पर पहुँचकर निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराने हेतु प्रारूप-6 (घोषणा प्रपत्र सहित) तथा किसी भी प्रविष्टि पर आक्षेप हेतु प्रारूप-7 तथा निर्वाचक नामावली में विद्यमान किसी भी प्रविष्टि के संशोधन आदि हेतु प्रारूप-8 (घोषण पत्र सहित) प्रस्तुत कर सकते है। किसी भी बूथ पर बीएलओ उपस्थित न होने के सम्बंध में शिकायत टोल फ्री नम्बर 0591-1950 अथवा 0591-2970080 पर की जा सकती है।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल ने हुल्का देवी मंदिर में लगने वाले मेले को लेकर दिया ज्ञापन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को हुल्का देवी मंदिर, कपूर कंपनी परिसर में लगने वाले पारंपरिक बसोड़े मेले के संबंध में प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मेले के दौरान व्यवस्था, सुरक्षा और साफ-सफाई सुनिश्चित करने की मांग की गई।प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने कहा कि बसोड़ा मेला शहर की प्राचीन धार्मिक परंपराओं से जुड़ा आयोजन है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

उन्होंने मांग की कि मेला क्षेत्र में व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहें और धार्मिक आस्थाओं का सम्मान बना रहे। साथ ही सुझाव दिया गया कि मेले की निगरानी के लिए एक विशेष टीम गठित की जाए, ताकि शांति और अनुशासन बना रहे।ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि मेला क्षेत्र में दुकान आवंटन की प्रक्रिया पारदर्शी हो तथा मंदिर परिसर की गरिमा और परंपराओं का ध्यान रखा जाए।

इसके अलावा पार्किंग की समुचित व्यवस्था, मुख्य मार्ग पर यातायात प्रबंधन, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और स्वच्छता की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।महानगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा कि प्रशासन से अपेक्षा है कि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी, जिससे मेला शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

# टिमिट के छात्रों ने वृद्धाश्रम में किया 'सशक्त-दि केपेविल' सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट द्वारा समाज सेवा के उद्देश्य से एक विशेष सामाजिक गतिविधि "सशक्त-दि केपेविल" का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुरादाबाद शहर स्थित वृद्धाश्रम में आयोजित हुआ, जिसमें टिमिट के बीकाम के छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के वरिष्ठ नागरिकों के प्रति प्रेम, सम्मान और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना था। छात्रों ने वृद्धाश्रम में जाकर बुजुर्गों के साथ समय बिताया, उन्हें उपयोगी वस्तुएँ प्रदान कीं और मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से उनके चेहरों पर मुस्कान लाई। इस अवसर पर छात्रों ने बुजुर्गों के अनुभवों को सुना और उनसे जीवन मूल्यों पर प्रेरणादायक बातें साझा की। मुरादाबाद शहर में टिमिट के छात्रों द्वारा समय-समय पर कई प्रकार की चौरिटीज और सामाजिक कार्य किए जा चुके हैं, जिनमें अनाथालयों, वृद्धाश्रमों और जरूरतमंद परिवारों की सहायता शामिल है। "सशक्त" कार्यक्रम ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि टिमिट के छात्र न केवल पढ़ाई में बल्कि समाज सेवा में भी अग्रणी हैं और अपने कर्मों से सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं। टिमिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए सभी छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि टिमिट हमेशा से छात्रों को केवल अकादमिक रूप से ही नहीं, बल्कि सामाजिक रूप से भी सशक्त नागरिक बनाने के लिए प्रेरित करता रहा है। टिमिट के शिक्षकों ने भी इस कार्यक्रम में सहयोग किया और छात्रों के प्रयासों की प्रशंसा की

# टैक्स वसूली को पहुंची नगर निगम की टीम ने अभद्र व्यवहार करने का लगाया आरोप की शिकायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नगर निगम में तैनात एक टैक्स इंस्पेक्टर के साथ कथित अभद्रता और धक्का-मुक्की का मामला सामने आने के बाद नगर निगम परिसर में हंगामा खड़ा हो गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कर्मचारी एकजुट होकर विरोध पर उतर आए और संबंधित पार्षद के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।नगर निगम कर्मचारियों के अनुसार टैक्स वसूली के लिए टीम मुगलपुरा थाना क्षेत्र में गई थी।आरोप है कि इसी दौरान कांग्रेस पार्षद से कहासुनी हो गई, जो बढ़कर विवाद में बदल गई। कर्मचारियों का आरोप है कि पार्षद ने टैक्स इंस्पेक्टर के साथ अभद्र व्यवहार किया और मारपीट की। घटना के बाद कर्मचारियों में रोष फैल गया और बड़ी संख्या में कर्मचारी नगर निगम कार्यालय पर एकत्र हो गए।

कर्मचारियों ने अपर नगर आयुक्त को शिकायती पत्र सौंपकर मामले में निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की। साथ ही संबंधित थाने में भी तहरीर दी गई है। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।टैक्स इंस्पेक्टर सतीश सिंह ने कहा कि टीम नियमित ड्यूटी पर थी और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई गई। फिलहाल प्रशासन मामले की जांच में जुटा है।



# टीएमयू का वैश्विक फाउंडेशन एएलआईएफ के संग एमओयू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दुनिया के नामचीन हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के प्रोफेसर्स की ओर से समर्थित वैश्विक फाउंडेशन एएलआईएफ के संग तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद ने एमओयू साइन किया है।

इस वैश्विक एमओयू के मूल में टीएमयू के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन के विजन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। एस्पायरिंग लीडर्स इंडिया फाउंडेशन की ओर से एस्पायर इंडिया के लीड एमएंडई एंड एल्युमिनाई इंगेजमेंट श्री विग्नेश पी, जबकि टीएमयू की ओर से डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने हस्ताक्षर किए हैं। श्री विग्नेश बोले, एमओयू का मकसद मॉडर्न एजुकेशनल मॉडल्स के संग-संग एआई बेस्ड एजुकेशन, कम्युनिटी लीडरशिप, इन्नोवेशन और लर्निंग इफेक्ट को बढ़ाना है। एमओयू के समय टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। उल्लेखनीय है, टीएमयू के ईडी श्री अक्षत जैन और एएलआईएफ से संबद्ध श्री विग्नेश पी के बीच दुनिया के शैक्षणिक परिदृश्य में तेजी से हो रहे बदलाव को लेकर परस्पर गहरी समझ है। एमओयू के बाद ईडी श्री जैन बोले, हमारे स्टुडेंट्स को अब वैश्विक मेंटरशिप, नेतृत्व प्रशिक्षण, रोजगारोन्मुख अवसर और इंटरनेशनल एल्युमिनाई नेटवर्क से जुड़ने के अवसर मिलेंगे। एमओयू से पूर्व मेडिकल एलटी में सीटीएलडी की ओर से आयोजित



ओरियंटेशन सत्र में लीड एमएंडई एंड एल्युमिनाई इंगेजमेंट श्री विग्नेश पी बोले, मौजूदा समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व और वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करना है। उन्होंने टीएमयू स्टुडेंट्स को अवसरों की पहचान कर स्वंय को भविष्य के लिए तैयार करने हेतु प्रेरित किया।

आज का स्टुडेंट केवल ज्ञान प्राप्तकर्ता नहीं, बल्कि परिवर्तन का नेतृत्व करने वाला होना चाहिए। इसके अलावा विग्नेश पी का यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ शैक्षणिक नेतृत्व के संग राउंड टेबिल डिस्कशन भी हुआ, जिसकी थीम इम्पॉवरिंग फर्स्ट जनरेशन लीडरशिप, एम्प्लायएबिलिटी एंड फ्यूचर स्किल रही। ओरियंटेशन सत्र में तीन सौ स्टुडेंट्स के संग-संग सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट- सीटीएलडी के डायरेक्टर श्री पंकज कुमार, एसोसिएट डीन अकेडमिक्स डॉ. अमित कंसल, सीटीएलडी के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. दिलीप दत्त वार्ष्णेय, सीओई, टिमिट आदि कॉलेजों की भी फैकल्टी मौजूद रही।

# रमजान माह के पहले जुमे पर जामा मस्जिद में नमाज अदा करने को उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रमजान माह के पहले जुम्मे पर शहर की मस्जिदों में अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ी। रोज. ेदारों ने पूरे अनुशासन और शांतिपूर्ण माहौल में नमाज अदा कर देश और शहर में आपसी भाईचारे, अमन-चैन और तरक्की की दुआ मांगी। विशेष रूप से थाना मुगल. पुरा क्षेत्र स्थित जामा मस्जिद में नमाजियों का सैलाब देखने को मिला। सुबह से ही मस्जिद परिसर में नमाजियों का पहुंचना शुरू हो गया था।

शहर के विभिन्न मोहल्लों और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों रोजेदार जुम्मे की नमाज अदा करने पहुंचे। मस्जिद के अंदर जगह कम पड़ने पर नमाजियों की कतारें बाहर तक नजर आईं। नमाज पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।यहां नायब इमाम सैयद मुफ्ती फहद अली ने जुम्मे की नमाज अदा कराई। अपने बयान में उन्होंने रमजान की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए रोजा, नमाज और परहेजगारी का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना आत्मसंयम, इबादत और इंसानियत की सेवा का पैगाम देता है तथा सभी को आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की।नमाज के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। थाना मुगलपुरा पुलिस के साथ अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात रहा। मस्जिद के आसपास चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखी गई और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा गया, जिससे नमाजियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने के बाद अकीदतमंद व्यवस्थित तरीके से अपने-अपने घरों को लौट गए।

# नकाबपोश बदमाशों ने कूमल कर बुजुर्ग दंपति को बनाया निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र के गांव चतुपुर में बुधवार देर रात बेखौफ नकाबपोश बदमाशों ने कूमल कर बुजुर्ग दंपत्ति के घर में घुसकर मारपीट और लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। खुद को पुलिस बताकर घर में दाखिल हुए बदमाशों ने दंपत्ति को घायल कर जेवर और नगदी लूट ली और अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग निकले। मिली जानक. ारी के अनुसार किसान हाजी शौकत (70) और उनकी पत्नी अख्तरी (65) अपने कच्चे मकान में सो रहे थे।





देर रात बदमाशों ने कमरे की दीवार में कूमल लगाना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर अख्तरी बाहर पहुंचीं तो बदमाशों ने खुद को पुलिस बताते हुए चुप रहने को कहा, लेकिन विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई। इस दौरान बदमाशों ने उनके कानों से झुमके खींच लिए और नाक की नोजवीन भी उतार ली। शोर सुनकर बाहर आए हाजी शौकत पर भी बदमाशों ने बांस के पाइप से हमला कर दिया। इसके बाद बदमाश जेवरात और हजारों रुपये की नगदी समेटकर फरार हो गए। बताया गया कि पास में रहने वाले बेटों के घरों को भी बदमाशों ने बाहर से बंद कर दिया था, जिससे कोई मदद के लिए बाहर नहीं निकल सका। वहीं दंपत्ति के बेटे की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। सीओ अशोक कुमार ने बताया तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। नगदी और जेवरात के संबंध में जांच की जा रही है।





# मेरठ मेट्रो का मीडिया कर्मियों के साथ दिल्ली तक का हुआ ट्रायल

## रविवार को होने वाले उद्घाटन की तैयारी पूरी, 155 की स्पीड से दौड़ी मेट्रो

**■ बेगमपुल स्टेशन से सराय काले खां तक अधिकारियों के साथ मीडियाकर्मियों ने किया सफर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** क्रांति धरा मेरठ से ताल्लुक रखने वाले जो भी लोग मेरठ मेट्रो से सफर करने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं ऐसे सभी लोगों का इंतजार अब खत्म होने वाला है। मेरठ बेगमपुल स्टेशन से लेकर मीडिया कर्मियों के साथ दिल्ली सराय काले खां स्टेशन तक का शुकवार को मेट्रो ट्रेन का ट्रायल किया गया। जिसने मेरठ सहित दिल्ली तक के पत्रकार शामिल थे।

पत्रकारों ने मेट्रो ट्रेन का सफर किया और मेट्रो का जायजा लिया। बता दें 22 फरवरी 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के साथ ही मेरठ मेट्रो का भी शुभारंभ कर दिया जाएगा। इसके बाद यात्री प्रतिदिन मेरठ नमो भारत ट्रेन में यात्रा करते हुए विभिन्न स्थानों पर पहुंच सकेंगे। जिसको लेकर मेरठ प्रशासन द्वारा अब तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। ऐसे में हमारे संवाददाता सोनू ने मेरठ के बेगमपुल स्टेशन पर खास तैयारी का जायजा लिया। मेरठ मेट्रो की अगर बात की जाए तो यह भी एक क्रांति कही जा सकती है, क्योंकि मेरठ में देश की सबसे आधुनिक स्पीड वाली मेट्रो दौड़ते हुए नजर आएगी। जिसकी स्पीड की बात की जाए तो 155 किलोमीटर प्रति घंटे की है।

मेरठ के मोदीपुरम से मेरठ साउथ तक 23 किलोमीटर परिक्षेत्र में 13 स्टेशनों पर इसका संचालन किया जाएगा। जिससे कि यात्री सफर कर सके। खास बात यह है कि नमो भारत ट्रेन और मेरठ मेट्रो दोनों के ही एक टिकट रहेंगे। जिससे कि यात्री दोनों ही ट्रेनों में सफर कर सकें। क्योंकि इन 13 स्टेशनों की अगर बात की जाए तो इसमें साउथ, शताब्दी नगर, बेगमपुल और मोदीपुरम नमो भारत ट्रेन के स्टेशन हैं। हालांकि यहां पर मेरठ मेट्रो भी रुकेगी। लेकिन रिठानी, परतापुर, भैसाली, मेरठ नॉर्थ, ब्रह्मपुरी, एमईईएस, डोरली, मेरठ नार्थ, सहित विभिन्न स्टेशनों पर सिर्फ मेरठ मेट्रो में ही यात्री सफर कर पाएंगे। इन स्टेशन पर नमो भारत ट्रेन नहीं रुकेगी मेरठ मेट्रो की खासियत की बात की जाए तो इसमें 2'2 की बैठने की आरामदायक स्टाइलिश चेयर लगी हुई है। जिससे कि यात्रियों को सफर करने में दिक्कत ना हो। इसी के साथ ही वर्तमान समय में मोबाइल लोगों के जीवन का महत्वपूर्ण पार्ट बन गया है। ऐसे में आप आसानी से मोबाइल को चार्ज भी कर सकेंगे। इसके लिए आपको कोई अलग से चार्ज देने की आवश्यकता नहीं है। एक बार में इसमें 700 से अधिक यात्री सफर कर सकेंगे। क्योंकि इसमें तीन कोच लगाए गए हैं. वहीं, महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए आधुनिक सीसीटीवी कैमरे एवं फैसिलिटी उपलब्ध कराई गई है। सभी स्टेशनों पर साफ सफाई भी देखने को मिलेगी एवं वॉशरूम की सुविधा भी नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई है। इसी के साथ दिव्यांग जनों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। संचालन की दृष्टि से मेरठ मेट्रो स्टेशन आधुनिक बेकिंग सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले बोर्ड, सीसीटीवी कैमरे, इमरजेंसी अलार्म अन्य सभी सुविधाएं भी इस ट्रेन के अंदर देखने को मिलेंगी। बताते चलें कि मेरठ में अंडरग्राउंड एवं एलिवेटेड दोनों तरह की स्टेशनों की व्यवस्था की गई है। ऐसे में 5.5 किलोमीटर का एरिया लगभग अंडरग्राउंड रहेगा। जिसमें मेरठ सेंट्रल, भैंसाली और बेगमपुल स्टेशन शामिल है। वहीं अन्य सभी स्टेशन एलिवेटेड है।

# चेयरपर्सन पति ने फीता काटकर अंबेडकर पार्क का निर्माण कार्य शुरू कराया





**■ लगभग एक करोड़ रूपए की लागत से बनकर तैयार होगा अंबेडकर पार्क: हज्जन आफताब**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** शुक्रवार को चेयर पर्सन पति हाजी शकील कुरैशी व कुछ सभासदों ने कस्बे में वार्ड नंबर 2 में एमआरएफ सेंटर के निकट फीता काटकर अंबेडकर पार्क का निर्माण कार्य शुरू कराया।

चेयरपर्सन हज्जन आफताब ने जानकारी देते हुए बताया कि एमआरएफ सेंटर के निकट कूड़े का सेंटर बनाया जाना था लेकिन बीते वर्ष कुछ लोगों के द्वारा बताया गया था कि इस जगह के आसपास ज्यादातर एससी समाज के लोग निवास करते हैं और यह जगह आबादी के बीच में है जिस कारण कूड़े के ढेर से अनेकों बीमारियां फैलने का भी खतरा बढ़ेगा। जिसका संज्ञान लेते हुए चेयरपर्सन ने अंबेडकर पार्क बनवाने की बात कही थी बीती बोर्ड बैठक में चेयरपर्सन ने अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार शर्मा व सभी बोर्ड सदस्यों के सामने अंबेडकर पार्क बनवाने का प्रस्ताव रखा था जिसको सर्व सहमति से पास किया गया था। इसी कड़ी में शुक्रवार को चेयरपर्सन पति हाजी शकील कुरैशी ने वार्ड 2 की सभासद राजेश देवी, मनोज जाटव, सभासद मनोज गोयल, सभासद अंकित शर्मा के साथ मिलकर संयुक्त रूप से फीता काटकर व मिठाई बांटकर अंबेडकर पार्क का निर्माण कार्य शुरू कराया। वार्ड 2 की सभासद राजेश देवी ने पार्क के लिए नींव में पहली ईंट रखकर शुभारंभ किया।

इस दौरान हाजी राशिद, विना. द जाटव, धर्मसिंह सैनी, विजयपाल जाटव, सुखपाल जाटव, हरवीर जाटव, विजेंद्र जाटव, देवेंद्र कुमार आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। वहीं चेयरपर्सन हज्जन आफताब ने कहा उन्होंने समाज की भावनाओं को देखते हुए अंबेडकर पार्क बनवाने का फैसला लिया था जिसे बोर्ड बैठक में पास किया गया था आज उसका निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। उन्होंने कहा कि पार्क लगभग एक करोड़ रुपए से बनकर तैयार होगा और आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर यहां उनकी प्रतिमा स्थापित की जाएगी। चेयरपर्सन ने कहा कि लगभग तीन वर्ष पूर्व वो नगर पंचायत अध्यक्ष बनी थी उन्होंने अपने कार्यकाल में पहले वर्ष से ही बाबा साहब के लिए जागरण शुरू करा दिया था जो हर वर्ष कराया जाता है उन्होंने बताया कि अभी तक बाबा साहब के लिए जागरण किसी ने नहीं कराया था उनका उद्देश्य है कि वो बाबा साहब की जीवनी के साथ- साथ उनके संघर्षों को भी लोगो तक पहुंचाया जाय कहा कि ये देश बाबा साहब के संविधान के कारण ही चल रहा है।

# शोभित में हेलो वर्ल्ड परिचय एवं संवाद सत्र का सफल आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी में कम्प्यूटर क्लब द्वारा प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों हेतु दो दिवसीय परिचय एवं संवाद सत्र 'हेलो वर्ल्ड' का सफल शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों को क्लब की गतिविधियों से जोड़ना और विश्वविद्यालय की तकनीकी संस्कृति को सशक्त बनाना रहा।

पहले दिन 200 से अधिक विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने आयोजन को ऊर्जावान बना दिया। सत्र में विद्यार्थियों को कार्यशालाओं, तकनीकी प्रतियोगिताओं, प्रोजेक्ट-आधारित शिक्षण और नवाचार के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी गई। डीन स्टूडेंट अफेयर्स डॉ. दिव्या प्रकाश ने ऐसे संवादात्मक आयोजनों को व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता के लिए महत्वपूर्ण बताया। कम्प्यूटर क्लब के फैकल्टी इंचार्ज राजेश पांडे ने क्लब की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की प्रमुख आकर्षण रही संवादात्मक क्विज प्रतियोगिता, जिसने विद्यार्थियों के ज्ञान को परखा और तकनीकी जिज्ञासा को बढ़ावा दिया। यह आयोजन कम्प्यूटर क्लब की नवगठित कोर टीम आशा, करण, ईशा, हर्ष, राहुल, चिन्मय एवं अंशिका का पहला सफल प्रयास रहा, जिसने आगामी योजनाओं का प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया। हेलो वर्ल्ड ने प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को तकनीकी संभावनाओं की पहचान कर नवाचार की संस्कृति से जुड़ने के लिए प्रेरित किया, और विश्वविद्यालय के तकनीकी वातावरण को नई ऊर्जा प्रदान की।

# शहर भर की मस्जिदों में अदा की गई रमजान के पहले जुम्मे की नमाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रमजान के पहले जुम्मे की नमाज शहर भर की सभी मस्जिदों में अदा की गई। रमजान होने की वजह से शाही जामा मस्जिद से लेकर हर मस्जिद में नमाज के समय से काफी पहले ही पहुंचना शुरू हो गए। और चारों तरफ धार्मिक उत्साह का माहौल देखने को मिला। जुम्मे की नमाज के दौरान बयान और तकरीरें की गई। इमामों और उलेमाओं ने रमजान के अलावा जकात और फितरे की अहमियत बयान की। उन्होंने रोजदारों को इस महीने में मिलने वाली नेकीयों के साथ ही परहेजगारी सब्र और बुराइयों से दूर रहने की तालीम दी। नमाजियों ने पूरी श्रद्धा के साथ इबादत की और देश में अमन शांति, प्रगति देश की खुशहाली के लिए दुआएं मांगीं। नमाज के बाद आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश भी दिया गया।

# जानी क्षेत्र में अनियंत्रित कार पलटी, चालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जानी खुर्द।** शुक्रवार की दोपहर को जानी क्षेत्र के महपा मोड पर एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार चालक सहित अन्य लोग भी बुरी तरह घायल हो गए, तभी राहगीरों ने किसी तरह उन्हें बाहर निकाला जहा सभी कार चालक सहित लोगों के मामूली चोट लगी थी। सूत्रों के मुताबिक खेकड़ा की तरफ से आ रही एक वेगनर उसमें बैठे तीन व्यक्ति जैसे ही वह मेहपा मोड पर पहुंचे तो उनकी कर अनियंत्रित होकर एक खेत में जा गिरी उसमे बैठी सवारियों में चीख पुकार मच गई तभी राहगीरों ने किसी तरह उन्हें बाहर निकाला। वहीं गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों का कहना था की गाड़ी चालक ने शराब पी रखी थी इसलिए गाड़ी एक खेत में जा गिरी।

# कार सवार सिपाही ने छात्र की स्कूटी में मारी टक्कर, छात्र गंभीर घायल

## सिपाही ने वर्दी का रोब दिखाते हुए घायल के परिजनों पर बनाया दबाव



टक्कर लगने के बाद आग का गोला बनी स्कूटी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लालकुर्ती थाना क्षेत्र स्थित चिराग चौराहे पर शुक्रवार को एक सड़क हादसे में 12वीं का छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि उत्तर प्रदेश पुलिस के एक सिपाही ने तेज रफ्तार कार से छात्र की स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी में आग लग गई।

जिसकी वजह से परीक्षा देकर लौट रहा छात्र बुरी तरह घायल हो गया। घायल छात्र मनन शर्मा शास्त्री नगर ए-ब्लाक का निवासी है। वह दीवान पब्लिक स्कूल का छात्र है और सिटी वोकेशनल स्कूल में 12वीं की परीक्षा देकर लौट रहा था। घर लौटते समय चिराग चौराहे पर एक कार ने उसकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि मनन करीब 10 फीट दूर जा गिरा और स्कूटी में तुरंत आग लग गई। स्थानीय लोगों और ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास किया। घायल छात्र को सुशीला जसवंत राय हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। आरोपित सिपाही संदीप की तैनाती मथुरा में बताई जा रही है। यह कार उसके पिता के नाम पर पंजीकृत है। जानकारी के अनुसार, कार का बीमा पिछले वर्ष नवंबर में ही समाप्त हो चुका था।

वहीं इस मामले में पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि सिपाही उन्हें धमका रहा है और मामले को रफा-दफा करने के लिए समझौते का दबाव बना रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सिपाही तेज रफ्तार में कार चला रहा था और विरोध करने पर उसने आसपास मौजूद लोगों के साथ भी अभद्रता की। हादसे की सूचना मिलने पर लालकुर्ती पुलिस मौके पर पहुंची। आरोप है कि सिपाही ने पुलिस के सामने अपने भाई को कार का चालक बताकर खड़ा कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तार से दी जानकारी




सात दिवसीय शिविर का उद्घाटन करते अतिथि।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के गांधी स्मारक देव नागरी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई बालक वर्ग के सात दिवसीय शिविर का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. अशोक राठी ने फीता काट कर किया। जिसके बाद स्वयंसेवकों ने लोधीपुरा नहर झाल स्कूल के लिए प्रस्थान किया। शिविर में डॉ. अनिल त्यागी ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि शिविर में किस तरह अनुशासन के साथ रहकर समाजसेवा की जाती हैं तथा समाज को कुरुतियों के खिलाफ जागरूक किया जाता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललित शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए शि. विर के बारे में जानकारी दी। ओर केन्द्रीय योजनाओं से अवगत कराया। इस मौके पर अब्दुल कादिर, अमन कुमार, अभय कुमार, शाहरुख, मुकेश त्यागी आदि का सहयोग रहा। कपिल, सूरज, राजू आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# दो नामचीन कारोबारियों के बीच चला ठगी का मामला जांच के घेरे में

**■ दोनों कारोबारी एक दूसरे के खिलाफ दे रहे हैं तहरीर, जताई जा रही है मनी लॉन्ड्रिंग की संभावना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शहर के दो नामचीन कारोबारियों के बीच चल रहा एक करोड़ रुपए के सोने की खरीद का मामला रोज नया मोड़ ले रहा है। भगवान बुक डिपो के मालिक प्रवीण शर्मा और रघुनंदन ज्वेलर्स के मालिक तन्मय अग्रवाल इस मामले को लेकर एक दूसरे के ऊपर आरोप लगाने के अलावा थाने में तहरीर दे रहे हैं। नियम विरुद्ध नकद भुगतान से एक व्हाट्सएप कॉल से शुरू हुआ एक करोड़ रुपए के सोने का सौदा फर्जी पहचान और सोना लेकर फरार हुए युवक के बाद यह मामला अब कई विभागों तक पहुंच गया है, जिसमें मनी लांड्रिंग में बिहार कनेक्शन की संभावनाएं भी जताई जा रही हैं।

जिसके चलते अनुमान लगाया जा रहा है कि अब इस मामले में ईडी, आयकर विभाग, जीएसटी, बीआईएस और पुलिस भी मामले में जांच कर सकते हैं। क्योंकि इस पूरे मामले को शुरुआत से देखा जाए तो रघुनंदन ज्वेलर्स के मालिक तन्मय अग्रवाल का कहना है कि बुधवार की दोपहर कृष्णा नाम के व्यक्ति द्वारा रघुनंदन ज्वेलर्स के यहां व्हाट्सएप कॉल करके करीब एक करोड़ रुपए के सोने के आभूषण खरीदने की बात कहकर खुद शोरूम पर ना आ पाने की बात कहकर अपने भतीजे को आभूषण लेने के लिए शोरूम पर भेजा गया था। जिसने करीब 630 सौ ग्राम सोने के जेवर पसंद किये थे। जब भुगतान की बारी आई तो कृष्णा ने ऑनलाइन पेमेंट करने में असमर्थता जताई और नकद पेमेंट भेजने की बात कही थी। जिसके करीब आधे घंटे बाद चार युवक शोरूम पहुंचे, जिनमें दो मेरठ निवासी और दो बिहार के मुजफ्फरपुर के बताए गए हैं। उन्होंने मिलकर नकद एक करोड़ रुपये जमा किए थे। इसके बाद पसंद किए गए जेवर कथित भतीजे को सौंप दिए गए थे। लेकिन जैसे ही युवक जेवर लेकर निकला, नकद देने वाले चारों युवक अचानक भुगतान रोकने लगे। उनका दावा था कि वह सोना खरीदने नहीं आए थे, बल्कि अपने बैंक खाते में सिर्फ एक करोड़ रुपये की एंट्री दिखाने के लिए नकद रुपए दिए थे। वहीं इस मामले में बृहस्पतिवार को भगवान बुक डिपो के मालिक प्रवीण शर्मा ने मीडिया को बयान देते हुए यह आरोप लगाया था कि बुधवार की दोपहर वह एक करोड़ रुपए लेकर पुष्पेंद्र के साथ रघुनंदन ज्वेलर्स के यहां आभूषण लेने गए थे। जहां जाकर उन्होंने पता किया था कि कृष्ण का फोन आया था तो तन्मय अग्रवाल ने बताया था कि बात हो गई पेमेंट करवा दीजिए। प्रवीण शर्मा ने बताया था कि उन्होंने पचास पचास लाख रुपए के दो बैग तन्मय अग्रवाल को दे दिए थे। जिन्होंने वहां मौजूद राजवीर को पेमेंट मशीन पर गिनने के लिए दी थी। लेकिन एमपी ट्रांसफर का मैसेज ना आने पर उन्होंने पेमेंट ट्रांसफर करने को मना किया था। उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया था कि वहां उन्हें दिल्ली के करोल बाग स्थित कृष्णा ज्वेलर्स के मौजूद होने की जानकारी हुई थी। जिन्हें तन्मय अग्रवाल ने अपना जानकार बताते हुए प्रवीण शर्मा से एक करोड़ रुपए की पेमेंट लेने के बाद सोने के आभूषण उनको ना देकर किसी और को दे दिए थे। उन्होंने और भी आरोप लगाते हुए कहा था कि उनके साथ तन्मय अग्रवाल ने एक करोड़ रुपए की ठगी की है, वह इस मामले में रघुनंदन ज्वेलर्स के मालिक के खिलाफ मुक. दमा दर्ज करायेंगे। अब तक इस मामले में दोनों कारोबारी में से कौन सही है कौन गलत इस बात का फैसला तो जांच के बाद होगा। लेकिन अब तक इस मामले ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि सोने के आभूषणों की बिक्री में सरकारी नियम बेहद सख्त हैं। जिनके अनुसार केवल बीआईएस से प्रमाणित हॉलमार्क वाले जेवर ही बेचे जा सकते हैं। बिना बिल और खरीदार का सत्यापन किए हॉलमार्क जेवर बेचना नियमों के खिलाफ है। बड़े लेनदेन में खरीदार की पहचान, बिल, जीएसटी और आयकर की जानकारी अनिवार्य होती है। जांच की जाएगी।

# तेज रफ्तार ब्रेजा ने युवक को मारी टक्कर, चालक कार छोड़कर फरार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना क्षेत्र के ग्राम शाहजमाल निवासी साजिद पुत्र साहिर मंगलवार को अपनी टीवीएस विक्की से फेरी लगाने के लिए मेरठ की ओर जा रहा था। वह बैग बेचने और चेन लॉक की रिपेयरिंग का काम करता है। रोज की तरह काम पर निकला साजिद जब जीएम इंटर कॉलेज के पास पहुंचा, तभी तेज रफ्तार ब्रेजा कार नंबर UP 22 AK 6061 ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि साजिद कई फीट दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी विक्की कार के नीचे दबने के कारण बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। बताया जा रहा है कि टक्कर के बाद कार चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार को अपने कब्जे में ले लिया। वाहन के नंबर के आधार पर चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। इसी दौरान शाहजमाल के प्रधान परवेज मौके से गुजर रहे थे। उन्होंने मानवता का परिचय देते हुए घायल साजिद को तुरंत अस्पताल भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, डाक्टर ने हालात सीरियस देख एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया जहां उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। क्षेत्रवासियों ने पुलिस से फरार चालक को जल्द गिरफ्तार करने और तेज रफ्तार वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# किसान गोष्ठी में कीटनाशक दवाइयों के दुष्प्रभाव की किसानों को दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** इनसेकिट साइडस इंडिया लिमिटेड टैक्टर ब्रांड के द्वारा प्रोडेक्ट स्टीवार्ड शिप डे का आयोजन किसान गोष्ठी के द्वारा किया गया। किठौर मार्ग स्थित स्वर्गीय नरेंद्र त्यागी मार्केट में आयोजित गोष्ठी में किसानों को फसलों में लगने वाली कीटनाशक दवाइयों के दुष्प्रभाव से बचने की जानकारी दी गई। गोष्ठी में बताया कि फसलों में स्प्रे करते समय किसानो के ऊपर कोई दुष्प्रभाव न पड़े इसके लिए उन्हें मास्क, चश्मा और किट किस तरह पहनना चाहिए ये भी समझाया गया। इस मौके पर कंपनी के प्रतिनिधि नीरज देओल, डाक्टर हिमांशु त्यागी सहित अंकुर त्यागी आदि मौजूद रहे।

# दो वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना भावनपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र में चलाए जा रहे वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के दौरान दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए वारंटी प्रवेश पुत्र हुकुम सिंह, संदीप पुत्र बिट्टू निवासी औरंगाबाद को उनका घर से गिरफ्तार किया है, जिनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमें दर्ज हैं।

# लूट की झूठी सूचना देने वाला पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लालकुर्ती पुलिस ने लूट की झूठी सूचना देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार किए गए आरोपी नितिन पुत्र नरेश सोनकर निवासी टन्डेल मौहल्ला ने पीआरवी ईवेन्ट के माध्यम से दो लाख रुपए की लूट होने की झूठी सूचना दी थी। जिसकी जांच होने पर सूचना झूठी पाई गई। जिसके बाद पुलिस के द्वारा नरेश सोनकर को गिरफ्तार कर मुक. दमा दर्ज किया गया है। वहीं थानाध्यक्ष ने कार्रवाई की बात कही है।

